राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर – 302018

www.rsmssb.rajasthan.gov.in दूरभाष नं.–0141–2722520

क्रमांकः प.8(15) प.आ./N.T.T./RSMSSB/2015/656 दिनांक 29/02/2016

विज्ञप्ति

राजस्थान महिला एवं बाल विकास (राज्य एवं अधीनस्थ) सेवा नियम,1998 एवं संशोधित नियम,2011 के अन्तर्गत पूर्व प्राथमिक शिक्षा अध्यापक के सीधी भर्ती के पदों पर प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से नियुक्ति के लिए ऑनलाईन आवेदन–पत्र निदेशालय समेकित बाल विकास सेवाएं (महिला एवं बाल विकास विभाग), जयपुर की विज्ञप्ति क्रमांकः 122009 दिनांकः27.08.2013 द्वारा आमन्त्रित किये गये थे ।

उक्त भर्ती हेतु बोर्ड द्वारा दिनांकः 03.04.2016 (रविवार) को मध्यान्ह 12.00 बजे से मध्यान्ह पश्चात 03.00 बजे तक जयपुर जिला मुख्यालय पर निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा आयोजित की जावेगी । परीक्षार्थी अपना प्रोविजनल ई–प्रवेश पत्र बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in से दिनांकः 28.03.2016 से यथाशीघ्र डाउनलोड कर लें । इसके लिए अन्तिम समय का इन्तजार नहीं करें । बोर्ड द्वारा परीक्षार्थियों को अलग से डाक से प्रवेश पत्र प्रेषित नहीं किये जायेंगे । अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि पूर्व आवेदन में किसी प्रकार की त्रुटि रह जाने के कारण यदि उसने एक से अधिक आवेदन पत्र प्रस्तुत किये हैं, तो वह सही आवेदन वाले टोकन से डाउनलोड किये गये ई–प्रवेश पत्र में अंकित परीक्षा केन्द्र पर ही परीक्षा में सम्मिलित हो ।

उक्त विज्ञप्ति दिनांकः27.08.2013 में **"आवेदन पत्र जमा करने की विधि"** शीर्षक से प्रकाशित बिन्दु में यह अंकित किया गया था कि "ऑनलाईन आवेदन करने के पश्चात् आवेदक ऑनलाईन आवेदन पत्र की प्रति (Hard copy) अपने पास सुरक्षित रखें तथा मय आवश्यक दस्तावेजों (शैक्षणिक /योग्यता /श्रेणी तथा अतिरिक्त श्रेणी /मूल निवास प्रमाण–पत्र) की सत्यापित प्रतियों सहित परीक्षा के दिन आवंटित परीक्षा केन्द्र पर वीक्षक के पास जमा करायेंगे ।" इस बिन्दु में आंशिक संशोधन इस प्रकार किया जाता है कि "ऑनलाईन आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी व अन्य आवश्यक दस्तावेज परीक्षा के दिन नहीं लाने हैं । परीक्षार्थी के अस्थाई चयन होने की स्थिति में पात्रता की जॉच के लिये दस्तावेज सत्यापन के समय विस्तृत आवेदन पत्र के साथ आवेदन पत्र की प्रति एवं आवश्यक दस्तावेज जमा करवाये जाने हैं । जिसके सम्बन्ध में स्थान, दिनांक एवं समय की अलग से सूचना दी जावेगी ।"

नवीनतम एवं अद्यतन सूचनाओं की जानकारी के लिए बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in का नियमित रूप से अवलोकन करें ।

सचिव